कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 23.09.2024

विषय:- **उ0प्र0 से बिहार ले जाकर शराब को ब्लैक कर बेचने वाले अभियुक्त को थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 75 पाउच काले रंग के कागज के पैकेट में 8 PM शराब मात्रा 180 ML/ पाउच कुल मात्रा 13.5 लीटर के साथ कैण्ट स्टेशन के सामने पिलर नं0 61-62 थाना सिगरा कमिश्नरेट, वाराणसी से दिनांक 23.09.2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिगरा पर मु0अ0सं0- 283/2024 धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछतांछ- अभियुक्त लक्की उपरोक्त पूंछने पर बता रहा है कि मुझे नशे की आदत है जिसे पूरा करने के लिये मै उ0प्र0 से बिहार ले जाकर वहा शराब ब्लैक में बेचता हूँ और प्राप्त धन को अपने शौक पूरा करने में इस्तेमाल करता हूँ। परन्तु आप लोगो को देखकर पकड़े जाने के डर से भागना चाहा लेकिन आप लोगो ने पकड लिया।

सम्बन्धित अभियोग:- मु0अ0सं0 0283/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना- सिगरा कमि0 वाराणसी

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. लक्की कुमार पुत्र स्व0 मानिकचंद महतो निवासी गांव धनकी आगमकुँआ पटना बिहार औसत उम्र करीब 30 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक- कैण्ट स्टेशन के सामने पिलर नं0 61-62 थाना सिगरा कमिश्नरेट, वाराणसी दिनांक 23.09.2024

बरामदगी का विवरण- 75 पाउच काले रंग के कागज के पैकेट में 8 PM शराब मात्रा 180 ML/ पाउच कुल मात्रा 13.5 लीटर।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री मनोज कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 रविकान्त मलिक, चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्रशि0 उ0नि0 श्री सुधीर कुमार अग्रहरी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. कां0 संतोष राय, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 राहुल कुमार सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।